तापमान
अधिकतम 36 .6 डिग्री
न्यूनतम 24 .3 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 23 जुलाई, 2025

12 सीईटी परीक्षा के 8000 अभ्यार्थियों के लिए 19 सेंटर बनाए




12 दसवीं परीक्षा में टॉप करने वाले छात्रों को किया गया सम्मानित



## खबर संक्षेप

### बाइक से कांवड़िया चला रहा था पटाखे, चालान

**अंबाला।** महेश नगर स्थित ट्रैफिक लाइटों के पास बाइक से पटाखे छोड़ने को लेकर मंगलवार कांवड़िएं का पुलिस ने चालान काट दिया। पहले तो रोके जाने पर कांवड़िए ने जमकर विरोध किया था। यहां तक कि 20 से 25 कांवड़िये भी एकजुट होकर पुलिस का कार्रवाई का विरोध कर रहे थे। 4 से 5 कांवड़िए हाईवे किनारे ही बैठ गए थे। नियमों की आवेहलना करने के साथ माहौल खराब करने पर सप्लेंडर बाइक को इम्पाउंड करने की बात कहीं थी। बढ़ते विरोध के बीच कांवड़िए को राहत देते हुए महज 500 रुपये का चालान काटकर थमाया।

### नशा तस्कर को 10 साल का कठोर कारावास

**पानीपत।** एएसजे योगेश चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ चरस की तस्करी करने के आरापी हासिम पुत्र अख्तर निवासी गांव हडताली जिला पानीपत को दोषी करार देते हुए दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। वहीं दोषी हासिम पर एक लाख रूपये जुर्माना किया। जुर्माना नहीं देने पर हासिम को एक साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। जानकारी अनुसार हासिम को मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में पानीपत पुलिस की सीआईए ने 25 अक्टूबर 2018 को गिरफ्तार किया गया था और इसके खिलाफ इसराना थाना में 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया था।

### बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म किया

**पानीपत।** पानीपत में छह साल की बच्ची का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। बच्ची अपनी मां के पास सोई हुई थी। देर रात को पड़ोसी दीवार फांदकर घर में घुसा और बच्ची को मुंह दबाकर पास में ही स्थित पुराने मकान में ले गया और यहां उसके साथ दुष्कर्म किया। वहीं, बच्ची खून से लथपथ अर्धनग्न हालत में पहुंची। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची को अस्पताल में भर्ती करवाया। बच्ची की मां का आरोप है कि उनकी पुत्री के साथ गैंगरेप किया गया है। जबकि डीएसपी नवीन संधू ने बताया कि बच्ची के साथ गैंग रेप नहीं हुआ है। बच्ची के साथ एक आरोपी द्वारा दुराचार किए जाने के साक्ष्य मिले है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है, जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

### निकाह का झांसा देकर किशोरी का यौन शोषण

**पानीपत।** पानीपत की एक कॉलोनी में एक युवक ने इंस्टाग्राम पर 16 साल की लड़की से दोस्ती की और फिर उसे निकाह करने का झांसा दिया। युवक ने लडकी से नजदीकी बढा ली और उससे प्रेम होने का दावा किया। इधर, लडकी, आरोपी के बहकावे में आ गई और बुलावे पर लड़के के कमरे पर चली गई। लड़के ने यहां लड़की के साथ दुष्कर्म किया। इधर,पीड़ित लड़की की चाची की शिकायत पर थाना चांदनी बाग पुलिस ने पीडिता की मेडिकल जांच करवाई और उसके बयान दर्ज कर आरोपी लडके तस्वर पर पॉस्को एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर, आरोपी तस्वर फरार है और पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही है।

### बीमारी से दुखी होकर युवती ने आत्महत्या की

**पानीपत।** पानीपत के गांव जलमाना निवासी 18 वर्षीय अन्नू पुत्री सुरेंद्र ने अपने कमरे में फंदे पर लटकर कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। अन्नू के जिंदा होने की आस में परिजन उसे फंदे से उतार कर पानीपत के सिविल अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद अन्नू को मृत घोषित कर दिया। इधर, पति ने बताया कि अन्नू बीमार चल रही थी और उसका उपचार करवाया जा रहा था। बीमारी को लेकर अन्नू मानसिक रूप से परेशान थी। वहीं पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# उल्टी-दस्त लगने से गांव सूरा में पांच ग्रामीणों की मौत, 40 से अधिक बीमार

## रोग फैलने से सरकार व प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| लाडवा

- ग्रामीणों ने रोग फैलने का कारण गांव में गंदा पानी सप्लाई होना बताया

लाडवा खंड के गांव सूरा में ग्रामीणों को उल्टी-दस्त लगने से गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के अनुसार उल्टी-दस्त लगने से गांव में पांच ग्रामीणों की मौत हो गई, जबकि 40 से अधिक ग्रामीण सरकारी व निजी अस्पतालों में अपना इलाज करवा रहे है।

गांव में उल्टी-दस्त रोग फैलने से ग्रामीणों में सरकार व प्रशासन के खिलाफ रोष पनप गया। मंगलवार को ग्रामीणों ने न केवल गांव में रोष प्रदर्शन किया, बल्कि सरकार व प्रशासन के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने रोष प्रकट करते हुए कहा सरकार व प्रशासन की शायद नींद तक टूटेगी जब पूरा गांव इस रोग से खाली हो जाएगा। आज भी करीब 40 ग्रामीण उल्टी-दस्त से पीड़ित अपना इलाज सरकारी व निजी अस्पतालों में करवा रहे है और इतने ही घरों में बीमार पड़े है।



**लाडवा।** गांव सूरा के उल्टी-दस्त से पीड़ति रोगी लाडवा सरकारी अस्पताल में उपचार करवाते। *फोटो : हरिभूमि*

गांव वासी जोनी सूरा, करनैल सिंह, राजबीर, राकेश, कुमार, कुसुम, सुनीता, प्रियंका, अनीता आदि ने कहा कि पिछले करीब एक सप्ताह से गांव में न केवल उल्टी-दस्त के रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है, बल्कि चार की मौत भी हो चुकी है, जिसमें तीन बुजुर्ग महिलाएं एक पुरुष था। मौत के सही कारणों का तो पता नहीं चल पाया, लेकिन उल्टी-दस्त के सबसे ज्यादा रोगी बुजुर्ग, महिलाएं व बच्चे है। ग्रामीणों के अनुसार उल्टी-दस्त रोग फैलने का मुख्य कारण पीने का खराब पानी है। खराब पीने के पानी के कारण ग्रामीण बीमार हो रहे है और उल्टी-दस्त रोग से पीड़ति है। बार-बार मांग करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही। आखिरकार जब गांव से इस रोग से ग्रामीण मरने शुरू हुए तब जाकर प्रशासन की नींद टूटी है। अब जाकर गांव में जन स्वास्थ्य विभाग की टीम व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में पहुंचकर जांच शुरू की है।

ग्रामीणों के अनुसार अभी भी विभाग अपनी गलती मानने की बजाए ग्रामीणों को ही दोषी मान रहा है। ग्रामीणों के अनुसार वह इतने मूर्ख नहीं है कि खराब पानी पीते है। वह ट्यूबवेल से होने वाली सप्लाई का ही पानी पीते है। ग्रामीणों ने सरकार व प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि गांव में फैली बीमारी पर कंट्रोल नहीं हुआ तो उनको मजबूरन सरकार व प्रशासन के खिलाफ सडकों पर उतरना पड़ेगा।

गांव के सरपंच नितिन पूनिया ने भी माना की गांव में उल्टी-दस्त रोग फैल रहा है। आज भी गांव के करीब तीन दर्जन से अधिक ग्रामीण इस रोग से पीड़ति सरकारी व निजी अस्पतालों में अपना इलाज करवा रहे है। लाडवा का ऐसा कोई अस्पताल नहीं होगा, जिसमें सूरा गांव के रोगी दाखिल न हो। उन्होंने इसके पीछे पीने के पानी की समस्या बताई तथा कहा कि गांवों में कुछ अवैध पानी के कनेक्शन चल रहे है, जिससे गांव में गंदा पानी सप्लाई हो रहा है। क्योंकि कुछ कनेक्शन सिवरेज व पानी की नालियों में भी है।

### ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच

लाडवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य चिकित्सक डा.कृष्णकांत ने बताया कि शनिवार से गांव में विभाग की टीमें लगातार ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर रही है। आज से एक टीम लगातार जब तक रोगी ठीक नहीं हो जाते गांव में रहकर ग्रामीणों की जांच कर उपचार करेगी। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल में भी रोगियों को इलाज हो रहा है। टीम द्वारा गांव में लोगों के सैंपल भी लिए जा रहे है। यदि ग्रामीण निजी अस्पतालों में जाकर अपना इलाज करवा रहे है तो उसकी लिस्ट हमें दे हमारी टीम निजी अस्पतालों में जाकर रोगियों की जांच करेगी और बेहतर चिकित्सा उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से सहयोग की बात भी कहीं। जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाती तब तक पानी उबालकर पीएं और उल्टी या दस्त लगते ही टीम से संपर्क करे। गांव में टीम के साथ-साथ एंबुलेंस भी खड़ी कर दी गई है, ताकि रोगी को अस्पताल ले जाने में देरी न हो सके।

### ग्रामीणों को जागरूक होना होगा

जब इस बारे में जन स्वास्थ्य विभाग के एक्स.ई.एन. सुमीत गर्ग से बात की तो उन्होंने कहा कि विभाग की टीम गांव में पानी की जांच कर रही है। अभी तक की जांच में गांव में पीने के पानी में कोई कमी नहीं पाई गई है। पानी के सैंपल लेकर उसकी जांच भी की गई है। कुछ अवैध कनेक्शन तथा खराब हालत में मिले है टीम द्वारा उनको काट दिया गया है। कुछ ग्रामीणों के घरों के बाहर पानी की होदियां बनाई हुई है। उन होदियों में पानी की टूंटियों पर पानी का पाइप लगाया हुआ है। जब भी टुंटी बंद व चलती है तो टुंटी चुस मारती है और पाइप के सहारे होदी का गंदा पानी पानी के पाइप में जाकर घरों में जा रहा है। ग्रामीणों को जागरूक होना होगा, ताकि उनके घरों में गंदा पानी न जा सके। उन्होंने कहा कि विभाग की टीम लगातार गांव में जांच करेगी।

# मिड डे मील योजना के तहत स्कूल में पहुंचा खराब आटा

- यह राशन मई माह के लिए आना था जो देर से सप्लाई किया गया

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| कुरुक्षेत्र

शिक्षा विभाग द्वारा संचालित मिड डे मील योजना के तहत खंड शाहबाद में बहुत समय बाद स्कूलों में आटा बांटा गया है जिसमें कईं स्कूलों के इंचार्ज व शिक्षकों ने राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड शाहबाद प्रधान सुरेश कुमार पलवल को बताया कि आटे में झाला लगा है और आटा खराब गुणवत्ता में है, कीड़े भी दिखाई दिए हैं।

यह राशन मई मास के लिए आना था जो अब देर से सप्लाई किया गया है। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ



खंड शाहबाद प्रधान सुरेश कुमार पलवल ने मांग की है कि अच्छी गुणवत्ता का राशन आना चाहिए और राशन में गेहूं की सप्लाई समय पर जरूर की जानी चाहिए। यह बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अति संवेदनशील है।

## कुवि ने घोषित किए 17 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परीक्षा शाखा द्वारा 17 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर अप्रैल 2025 में आयोजित जर्मन में सर्टिफिकेट प्रोग्राम (ऑनलाइन), मई 2025 में आयोजित बी.एड. (विशेष) वी.आई. चतुर्थ सेमेस्टर (नवीनतम), एम.ए. (महिला अध्ययन) चतुर्थ सेमेस्टर, एम.एससी. (पर्यावरण विज्ञान) द्वितीय सेमेस्टर (रि-अपीयर), बी.टी.एम. द्वितीय सेमेस्टर (सीबीसीएस), एम.टेक. (ईईई) (नवीनतम) चतुर्थ सेमेस्टर, बीएएमसी चतुर्थ सेमेस्टर (गैर-सीबीसीएस), बी.कॉम. छठा सेमेस्टर (एनईपी) (नवीनतम+रि-अपीयर), आदि के परिणामों की घोषणा की है।

# आदिबद्री गए दो दोस्तों की सोमनदी में डूबने से मौत

- पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| यमुनानगर

आदिबद्री में माथा टेकने गए दो दोस्तों की सोमनदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले में जांच शुरु कर दी।

जानकारी के मुताबिक गांव नगली-264 निवासी रोबिन कंप्यूटर का कोर्स कर रहा था। गत रविवार को रोबिन(22) अपने दोस्त मुलाना निवासी राहुल (32) के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर जिले के आदिबद्री स्थित माता मंत्रा देवी में माथा टेकने के लिए चले गए। बताया गया है कि इस दौरान दोनों दोस्तों ने आदिबद्री में माता मंत्रा देवी व अन्य मंदिरों में माथा टेक कर पूजा अर्चना की। इसके बाद दोनों दोस्त रास्ते में सोमनदी में नहाने लगे। इसी बीच दोनों सोमनदी में गहरे पानी में डूब गए।

देर शाम तक जब दोनों दोस्त अपने घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर बताया कि रोबिन व राहुल आदिबद्री गए थे। मगर वह वापस नहीं लौटे हैं। जिसके बाद पुलिस ने दोनों की तलाश शुरु की। मगर उनके बारे में कुछ पता नहीं चला। मामले की जांच कर रहे रणजीतपुर पुलिस चौकी प्रभारी रमन ने बताया कि तलाश के दौरान मंगलवार सुबह किसी ने पुलिस को सूचना दी कि गांव रामगढ़ संवाई के नजदीक सोमनदी में शव पड़े हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों के शवों को बाहर निकाला और उनके परिजनों को मौके पर बुलाकर शिनाख्त करवाई। जिसमें दोनो शवों की शिनाख्त रोबिन व राहुल के रुप में की गई। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए। पुलिस चौकी प्रभारी रमन ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।





**यमुनानगर।** रोबिन राहूल का फाइल फोटो तथा पोस्टमार्टम के दौरान कार्रवाई करती पुलिस।

# तिरंगे की भावना से भारत फिर बनेगा विश्व गुरु : ढांडा

- फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय ध्वज अंगीकार दिवस का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे से मिल रही देश भक्ति भावना से प्रेरणा लेकर ही भारत फिर से विश्व गुरु बनेगा।

इस राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को लम्बे संघर्ष के बाद 22 जुलाई 1947 को अंगीकार किया गया। इस महान दिन को आज पूरे देश में याद किया जा रहा है और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के आगे नतमस्तक होकर जश्न मनाया जा रहा है। हरियाणा के शिक्षा मंत्री




**कुरुक्षेत्र।** कार्यक्रम में मंचासीन शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व अन्य।

महिपाल ढांडा मंगलवार को पंचायत भवन के सभागार में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया राष्ट्रीय ध्वज अंगीकार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पहले शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने दीपशिखा प्रज्ज्वलित करके विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। जिंदल हाउस से सेवानिवृत आईएएस धर्मवीर सिंह व राजकुमार सैनी ने शिक्षा मंत्री को राष्ट्रीय ध्वज का बैच लगाकर सम्मानित किया और फ्लैग फाउंडेशन आफ इंडिया की तरफ से एक स्मृति चिन्ह भेंट किया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि तिरंगा शब्द ना केवल देश भक्ति एकता और बलिदान की भावना जागृत होती है बल्कि इस नाम की अपने आप में एक गौरवमयी गाथा भी है।

### एकता का प्रतीक

जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को उसके वर्तमान स्वरूप में 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा की बैठक में आधिकारिक रूप से अपनाया गया। भारत में तिरंगे का अर्थ भारतीय राष्ट्रीय ध्वज है जो देश की एकता, गौरव और बलिदान की भावना को दर्शाता है।

# किसान-मजदूर संघर्ष मोर्चा 8 को प्रदर्शन करेगा

- खाद संकट और बिजली दरों के खिलाफ आंदोलन को तैयार

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

हरियाणा किसान-मजदूर संघर्ष मोर्चा की बैठक डेरा कार सेवा गुरुद्वारा में आयोजित की गई, जिसमें राज्य भर के नौ किसान-मजदूर संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में फैसला लिया गया कि 8 अगस्त को सभी जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रदर्शन के दौरान अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें धान की खरीद, बिजली दरों में वृद्धि, खाद की कमी, ट्यूबवेल कनेक्शन



और जलभराव जैसे मुद्दे प्रमुख होंगे। भारतीय किसान यूनियन (सर छोटूराम) के प्रवक्ता बहादुर मेहला बलड़ी ने बैठक की जानकारी साझा की। हर सीजन में जानबूझकर खाद की किल्लत पैदा की जाती है, जिससे किसान भटकता है। सरकार इस कालाबाजारी को रोकने में विफल है। बैठक में अमरजीत सिंह मोहड़ी, मंदीप नथवाल, जगदीप सिंह ओलख समेत 18 से अधिक किसान नेताओं ने भाग लिया। मोर्चे ने यह भी स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसानों के साथ-साथ मजदूर हितों को लेकर भी संघर्ष करेगा।

## आईटी 2.0 एप्लीकेशन लांच, अधिकारी बोले, परिवर्तनकारी प्लेटफॉर्म

# डाक सेवा डेटा सुरक्षित करने में ऐतिहासिक कदम

- उपभोक्ताओं को भी एप्लीकेशन से मिलेंगी विभिन्न सुविधाएं,

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| अंबाला

डाक सेवाओं को अत्याधुनिक बनाने के लिए अब आईटी 2.0 एप्लीकेशान लांच की गई। यह डेटा सुरक्षा को बढ़ाने में ऐतिहासिक कदम बताया जा रहा है।

मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल हरियाणा परिमंडल संजय सिंह ने बताया कि डाक विभाग में डाक सेवाओं को आधुनिक बनाने के लिए आईटी 2.0 एप्लिकेशन लांच किया गया है। यह एक परिवर्तनकारी प्लेटफॉर्म है जिसे देश के डाक विभाग के संचालन को आधुनिक और सुव्यवस्थित बनाने के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है।



**अंबाला।** उपभोक्ताओं को आईटी 2.0 एप्लीकेशन की जानकारी देता कर्मचारी।

इस परिवर्तनकारी पहल के रूप में, इस उन्नत प्रणाली को अंबाला कैंट, बराड़ा, बिहटा, मुलाना, केसरी, साहा, धीन, अधोया, माजरी व शाखा डाकघर (बीओज) सहित सभी डाकघरों में लागू किया गया है। इस मौके पर उनके साथ निदेशक डाक सेवाएं राधिका धीर भी मौजूद रही। मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल संजय सिंह ने बताया कि आईटी 2.0 संचालन क्षमता, ग्राहक अनुभव और डेटा सुरक्षा को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है। यह नई प्रणाली कोर डाक सेवाओं, वित्तीय सेवाओं, लॉजिस्टिक्स को एकीकृत डिजिटल ढांचे में जोड़ती है ताकि नागरिकों को बेहतर सेवा मिल सके। आईटी 2.0 इंडिया पोस्ट के डिजिटल परिवर्तन में एक नया अध्याय है। यह एप्लिकेशन हमारे कार्यबल को उन्नत उपकरणों से सशक्त बनाता है, पारदर्शिता में सुधार करता है।

हमें पूरी तरह से डिजिटाइज्ड और नागरिक-केंद्रित डाक परिस्थितिकी तंत्र के हमारे दृष्टिकोण के करीब लाता है। आईटी 2.0 में प्रमुख विशेषताएं शामिल हैं जैसे डाक संचालन का उन्नत ऑटोमेशन और रियल-टाइम ट्रैकिंग, डाकघरों, बैंकिंग सेवाओं और वितरण प्रणाली के बीच बेहतर एकीकरण, साइबर सुरक्षा और डेटा गोपनीयता अवसंरचना को मजबूत बनाना, भविष्य के उन्नयन और नवाचारों के लिए आधार तैयार करना है। आईटी 2.0 का कार्यान्वयन डाक विभाग की व्यापक डिजिटल इंडिया प्रयासों का हिस्सा है जो सरकार की प्रत्येक कोने में कुशल और सुलभ सार्वजनिक सेवाएं पहुंचाने की दृष्टि के अनुरूप है।

### विभाग की प्रतिबद्धता

आईटी 2.0 की ओर परिवर्तन सुविधाजनक, सुलभ और पारदर्शी वित्तीय सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाता है, विशेष रूप से कम बैंकिंग सुविधाओं वाले क्षेत्रों में जो केंद्र सरकार की डिजिटल इंडिया और वित्तीय समावेशन पहलों के अनुरूप है। उक्त मौके पर डाक विभाग के अधिकारी, कर्मचारी व ग्राहक उपलब्ध थे।

# मुड़भेड़ में काबू बदमाश ने की थी कारोबारी के भवन पर फायरिंग

- जांच के दौरान पुलिस ने किया खुलासा, वारदात के बाद से आरोपी चल रहा था फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सिरसगढ़ गांव के पास सीआईए-1 द्वारा मुठभेड़ के बाद पकड़े गए आरोपी के मामले में पुलिस ने नया खुलासा किया है। आरोपी ने यमुनानगर में उद्योगपति के घर पर फायरिंग की थी। जिसके बाद से ही वह फरार चल रहा था। सूचना के आधार पर बीते रोज सीआईए वन ने युवक को पकड़ने का प्रयास किया तो टीम को देखते ही युवक ने फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए उसकी टांग में गोली मारकर घायल कर दिया था। फायरिंग के तुरंत बाद पुलिस ने घायल आरोपी को हिरासत में लिया। इलाज के लिए पहले मुलाना के एमएमयू अस्पताल पहुंचाया। यहां से उसे कैंट नागरिक अस्पताल रेफर किया गया। बाद में उसे करनाल के सिटी सिविल अस्पताल में दाखिल कराने का फैसला लिया गया है। पुलिस ने घटनास्थल से आरोपी के पास से एक पिस्टल बरामद की है। उसे जब्त कर फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। पुलिस के मुताबिक अमन वही आरोपी है जिसने करीब एक सप्ताह पहले यमुनानगर के एक उद्योगपति के घर के बाहर फायरिंग की थी। रात करीब 9:30 बजे दो बदमाश बाइक पर आए और घर के बाहर बने ऑफिस के शटर पर चार से पांच राउंड फायरिंग की थी। गोलियां अंदर लगे शीशे के दरवाजे पर लगीं। यह इंडस्ट्रीज गुरदीप सिंह और रविंद्र पाल सिंह नामक सगे भाइयों की है जो प्लाइवुड फैक्ट्री की मशीनों का निर्माण करते हैं।

## खबर संक्षेप



### अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग की ओर से नए छात्रों के स्वागत के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बीसीए इंचार्ज नवदीप कुमार चोपड़ा ने किया। उन्होंने इस दौरान सांस्कृतिक, सृजनात्मक एवं अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी भी दी।

### शिविर में जांचा 150 मरीजों का स्वास्थ्य

**यमुनानगर।** श्रद्धा मानव कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को शहर के आजाद नगर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 150 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाइयां वितरित की गई। शिविर का शुभारंभ समिति के संयोजक डॉ. दिनेश कुमार ने किया। शिविर में डॉ. शशी ने अपने अन्य सदस्यों के साथ 150 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाईयां वितरित की गई। मौके पर समिति के संयोजक डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि मनुष्य के स्वास्थ्य पर ही उनका जीवन निर्भर करता है। मनुष्य का स्वास्थ्य जीतना सही होगा उनका जीवन उतना ही लंबा होगा।

### रादौर के दुकानदारों ने कांवड़ियों की सेवा की

**रादौर।** रादौर के दुकानदारों ने यमुनानगर-कुरुक्षेत्र एसके मार्ग पर कस्बा के पुराने बस स्टैंड के नजदीक कांवड़ सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान दुकानदारों ने कांवड़ियों को भोजन प्रसाद, फल, चाय नाश्ता देकर सेवा की। वहीं, कांवड़ियों को दवाइयां भी दी गई। श्रद्धालु मनीष चौधरी ने बताया कि रादौर के दुकानदारों ने मिलकर कांवड़ यात्रियों के लिए भोजन, चाय, पानी व दवाइयों की व्यवस्था कर उनकी दिन भर सेवा की। इस दौरान कांवड़ियों के लिए विश्राम करने की विशेष रुप से व्यवस्था की गई।

### जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बैठक में अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# सीईटी परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को मुहैया करवाई जाएगी निःशुल्क बस सुविधा

**परीक्षार्थियों को नि:शुल्क बस सुविधा मुहैया करवाए जाने के लिए जिला सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई**



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 26 और 27 जुलाई 2025 को आयोजित की जाने वाली सीईटी परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को निःशुल्क बस सेवा मुहैया करवाए जाने को लेकर जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परीक्षार्थियों को परीक्षा के दौरान निःशुल्क बस सेवा उपलब्ध करवाए जाने को लेकर दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि सीईटी की परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्रों से भी युवक युवतियां भाग लेगीं। सरकार के आदेशानुसार इन सभी परीक्षार्थियों को उनके गांवों से ही परीक्षा केन्द्रों तक ले जाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला के विभिन्न क्षेत्रों से सीईटी की परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों के लिए जिला प्रशासन ने यमुनानगर से चंडीगढ जाने के लिए 150 बसें लगाई हैं और 8 कलस्टर बनाए गए हैं। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों से आह्वान किया है कि वे समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने के लिए हरियाणा सरकार की ओर से दी जा रही निःशुल्क बस सेवा का लाभ उठाएं।

#### पार्किंग स्थल के लिए स्थान करें निर्धारित

*उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अधिकारियों को जिला में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर करनाल व चंडीगढ़ से परीक्षार्थियों को लेकर आने वाली बसों के रुकने के लिए एवं कारों आदि से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए प्राइवेट पार्किंग स्थल के लिए पहले से ही स्थान निर्धारित करने के निर्देश दिए। ताकि बाहर से आने वाली बसों को किसी प्रकार के जाम जैसी स्थिति एवं परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने पार्किंग स्थल के लिए स्थान निर्धारित करने के लिए कमेटी बनाने के निर्देश दिए।*

#### भारी वाहनों का शहर में प्रवेश रहेगा बंद

*उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि 26 व 27 जुलाई को जिला में होने वाली सीईटी की परीक्षा के कारण शहर में भारी वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। किसी भी भारी वाहन को शहर से गुजरने की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा के अति महत्वपूर्ण कार्य को देखते हुए स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे अपने अति आवश्यक कार्यों के कारण ही शहर में आएं। ताकि शहर में अधिक भीड़ न बढ़ें। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दिन शहर के सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूल बंद रहेंगे।*

#### जिले में दो सत्रों में आयोजित होगी परीक्षा

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिला में परीक्षा के लिए 47 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यह परीक्षा दोनों दिन सुबह और शाम को दो सत्रों में होगी। इस परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए जिला में कड़े इंतजाम किए गए हैं। जिला में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर सुबह व सांय की कुल चार शिफ्टों में 45062 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित होने वाली सीईटी की परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए अतिरिक्त उपायुक्त को आवर ऑल इंचार्ज नियुक्त किया गया है। इसके अलावा उप मंडल अधिकारी (नागरिक) जगाधरी परीक्षा को पूर्ण रूप से सम्पन्न करवाने के कार्यों में नोडल अधिकारी का सहयोग करेंगे। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, नगराधीश पीयूष गुप्ता, बस डिपो यमुनानगर के महाप्रबंधक संजय रावल आदि मौजूद रहे।




**यमुनानगर।** बिलासपुर स्थित न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में कराटे खिलाड़ियों को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## न्यू हैप्पी स्कूल बिलासपुर के छात्रों ने कराटे स्पर्धा में दिखाया दमखम

- बच्चों ने 14 स्वर्ण पदकों समेत 27 पदकों पर किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सेंट थॉमस स्कूल जगाधरी में आयोजित जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में बिलासपुर के न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल के खिलाड़ियों ने 27 पदक जीत कर अपनी प्रतिभा को जगजाहिर किया।

स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका कश्यप ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिसमें न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल के कराटे खिलाड़ियों शिवम, देवांश, आयुष, कनिका, वेदांशी, अक्षिता, मनु, प्रवेश, तनवी, राघव, मायरा, कृतिका, अमनप्रीत व मयंक ने स्वर्ण पदक हासिल किया। जबकि वरूण, यशवी, परमीत, दीक्षांत, सुचि, समिता व रीतिका ने रजत पदक जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया। इसी तरह अक्षित, ओमवीर, छवि, हिमानी, सेजल व तनिष ने कांस्य पदक जीते। इसके अलावा बच्चों की खेल भावना, अनुशासन और तकनीक की भी सभी ने विशेष रूप से सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों का पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी विशेष ध्यान रखा जाता है ताकि बच्चे आने वाले कल में सही ढंग से अपने भविष्य को संवार सकें।

प्रधानाचार्या ने बच्चों के कराटे प्रशिक्षक राजेश कुमार के साथ-साथ अध्यापकों नीलम भारद्वाज व अंजु नैय्यर को भी बधाई दी।

## डीएवी पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने टेबल टेनिस प्रतियोगिता में स्वर्ण समेत दो पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर के उन्नीस व सत्रह आयु वर्ग के टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने गत दिवस पंचकूला में आयोजित डीएवी नेशनल गेम्स की क्लस्टर लेवल प्रतियोगिता में स्वर्ण व रजत पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है। विजेता खिलाड़ियों के स्कूल में पहुंचने पर प्रिंसीपल रमन कुमार शर्मा व अन्य स्टाफ सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया है।

विद्यालय के प्रिंसीपल रमन कुमार शर्मा ने बताया कि गत दिवस पंचकूला में डीएवी नेशनल गेम्स की टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कलस्टर स्तर के विभिन्न डीएवी स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में उनके स्कूल के 19 आयु वर्ग और 17 आयु वर्ग के टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें 19 आयु वर्ग की टीम में शामिल विनीत, हरमन व देवांश ने अपनी प्रतिद्वंधि टीम को पटखनी देते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वण पदक जीतने में सफलता प्राप्त की। वहीं, उनके स्कूल की 17 आयु वर्ग की टीम में शामिल राघव, आयुष व हृदयांश ने अपने वर्ग की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीतने में सफलता प्राप्त की। प्रिंसीपल रमन कुमार चौधरी ने बताया कि उनके स्कूल की दोनों वर्गों की टीमों ने अपनी शानदार जीत के साथ आगामी जोनल लेवल खेल प्रतियोगिताओ में अपनी अपनी टीम का स्थान सुनिश्चित कर लिया है। उन्होंने दोनों टीमों के स्कूल में पहुंचने पर विजेता खिलाड़ियों को फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया और उन्हें व स्कूल के खेल शिक्षक गौरव धीमान व अमिता शर्मा को बधाई दी। प्रिंसीपल रमन शर्मा ने कहा कि खेल प्रतियोगिता विद्यार्थी जीवन का अहम हिस्सा होती हैं। जिनके माध्यम से विद्यार्थियों में उचित शारीरिक व मानसिक विकास के साथ ही नेतृत्व क्षमता सहयोग भावना व सच्ची खेल भावना का विकास होता है।



**यमुनानगर।** रादौर स्थित डीएवी स्कूल में खिलाड़ियों को सम्मानित करते प्रिंसीपल रमन शर्मा। फोटो : हरिभूमि

## महिलाओं ने हरियाणवी व पंजाबी गीतों पर नृत्य कर मनाया तीज का त्योहार

- रादौर में तीज पर्व के उपलक्ष में आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

महिला जाट समाज सभा द्वारा तीज के त्योहार के उपलक्ष में शहर के यमुना ग्रैंड में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जाट समाज की रादौर समेत विभिन्न जिलों की सैंकड़ो महिलाओं ने भाग लेकर तीज का त्योहार उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला जाट समाज सभा की वरिष्ठ सदस्य सुदेश पंजेटा ने किया।

सभा की वरिष्ठ सदस्य सुदेश पंजेटा ने कहा कि महिलाओं के लिए तीज का पर्व खास होता है।

इस पर्व के लिए महिलाएं साल भर सावन माह के आगमन का इंतजार करती हैं। क्योंकि सावन माह में महिलाएं झूला झूलती हैं और सावन के गीत गाकर खुशियां मनाती हैं। मौके पर सभा की सदस्य रेनु चहल ने बताया कि तीज के त्योहार पर नवदुल्हनों व अपनी बेटियों को महिलाएं सिंधारा सगुन के रुप में भिजवाती हैं। जिसके लिए कई कई दिन पहले तैयारियां की जाती हैं। वहीं, परमजीत सोही व डिंपी संधु ने कहा कि हमे अपनी संस्कृति को बचाकर रखने की जरूरत है। इस दौरान महिलाओं ने झूला झूलकर हरियाणवी व पंजाबी के सावन के गीत गाए। मौके पर महिलाओं ने गीतों पर नाच गाकर खुशियां मनाई। वहीं, झूला झूलकर सावन के मौके पर कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाओं को सिंधारा के रुप में उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रादौर, अंबाला,कुरुक्षेत्र, शाहाबाद व लाडवा से सैंकड़ो महिलाओं ने भाग लिया।



**यमुनानगर।** यमुना ग्रैंड में तीज पर्व के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में तीज का त्योहार मनाती समाज की महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

## पांच स्वर्ण और सात रजत पदकों के साथ लहराया जीत का परचम




**यमुनानगर।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में विजेता खिलाड़ियों का स्वागत करते स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**रादौर।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में परचम लहराकर संस्थान का नाम रोशन किया। स्कूल के खेलकूद विभाग के अध्यापक संजय कुमार ने बताया कि सोनीपत के गन्नौर में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के 14 विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्कूल के खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण व 9 रजत पदकों के साथ कुल 14 पदक जीते। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में अमृतपाल सिंह, सार्थक, कुणाल, एरिक व भगत राम ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं युवराज, दीपांशु, दुअंश, मोहित, अविक, गुरनूर, दिग्विजय, रेहान व रीधन ने रजत पदक जीते। स्कूल में पहुँचने पर विजेताओं का स्वागत किया गया। प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिन विद्यार्थियों ने इस चैंपियनशिप में भाग लिया वे सभी बधाई के पात्र हैं।

## ओरियंटेशन में प्रथम वर्ष की छात्राओं को पढ़ाया अनुशासन का पाठ

- डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर में ओरियंटेशन कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

डीएवी गर्ल्स कालेज यमुनानगर में मंगलवार को प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए ओरियंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कालेज की कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ. सुरिंद्र कौर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वहीं, डॉ. सुनीता कौशिक व डॉ. अनीता मौदगिल ओवर ऑल को ऑडिनेटर रहीं। जबकि डॉ. रीटा सिंह व डॉ. मीनाक्षी सैनी कनवीनर रहीं।

कालेज की कार्यवाहक प्रिंसीपल डॉ. सुरिंद्र कौर ने छात्राओं को अनुशासन का पाठ पढाया। साथ ही जीवन में सफलता अर्जित करने के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि कॉलेज में छात्राओं की ओवरऑल पर्सनैलिटी को डवलेप करने पर जोर दिया जाता है। ताकि वे हर क्षेत्र में अग्रणी बन सकें। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे अपने काम के प्रति ईमानदार रहें और जिस कोर्स में एडमिशन लिया है उसमें मन लगाकर पढ़ाई करें। पढाई के साथ साथ नया सीखने का प्रयास करें। स्वयं की जिम्मेदारी को समझें और मोबाइल फोन का संभल कर इस्तेमाल करें। छात्राओं की पढाई के लिए कालेज के पास बेस्ट इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद हैं। जिसमें वाईफाई कैंपस, लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब इत्यादि शामिल हैं। छात्राएं जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर बुलंदियों को छूएं। छात्राएं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी समझे और जीवन में मिलने वाले नए अवसरों का लाभ उठाएं। मौके पर डॉ.रीटा सिंह ने कॉलेज के नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए अनुशासन जरूरी है। कॉलेज परिसर में रैगिंग पर पूर्णतया प्रतिबंध है। कॉलेज में वार्षिक परीक्षा के लिए 75 प्रतिशत अटेंडेंस जरूरी है। क्लास में मोबाइल का प्रयोग वर्जित है। इसके अलावा उन्होंने असाइनमेंट जमा करवानेए लीव लेने सहित अन्य नियमों के बारे में विस्तार से बताया। जबकि मनोविज्ञान विभाग अध्यक्ष शालिनी छाबड़ा ने कहा छात्राओं के विकास के लिए कालेज में बहुत सारे क्लब व कमेटियां है। जो कि छात्राओं को बेहतर प्लेटफार्म प्रदान करने के लिए बनाई गई हैं। उन्होंने छात्राओं को स्टूडेंट काउंसिल, एकेडमिक काउंसिल, स्पोर्ट्स काउंसिल, कल्चरल कमेटी, एनसीसी व एनएसएस इत्यादि के बारे में जानकारी दी। मेजर गीता शर्मा ने छात्राओं को एनसीसी, डॉ. नताशा बजाज ने स्किल कोर्स व लाइब्रेरियन गीता ने लाइब्रेरी के नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कालेज में आयोजित ओरियंटेशन कार्यक्रम में जानकारी देते हुए प्रिंसीपल डॉ. सुरिंद्र कौर। फोटो : हरिभूमि



**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी स्कूल में विजेता खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल के कराटे खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक समेत जीते कई पदक

**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल यमुनानगर के कराटे खिलाड़ियों ने यूनाइटेड कराटे एसोसिएशन यमुनानगर के तत्वावधान में संत थॉमस स्कूल जगाधरी में आयोजित जिलास्तरीय कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक समेत कई पदक जीतने में सफलता प्राप्त की है। मंगलवार को विजेता खिलाड़ियों का स्कूल में पहुंचने पर प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने जोरदार स्वागत किया है। प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने बताया कि उनके विद्यालय के कक्षा 8 के छात्र हार्दिक, हरमन और विशेश ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, इसी कक्षा के प्रियंश और अनिकेत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अर्जित किया। कक्षा 9 के सक्षम मिश्रा और असद ने भी शानदार पर प्रतिभा दिखाते हुए रजत पदक जीता। कक्षा 6 के आदित्य मिश्रा ने कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। जबकि कक्षा 8 के दक्ष, कक्षा 9 के साहिल और कक्षा 7 के नितीश ने भी कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। उन्होंने सभी विजेता खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दी।

### ममीदी में किया स्वच्छता शिविर का आयोजन

# बरसात के मौसम में पशुओं को रोगों से बचाने के लिए जेट फिनाइल है लाभकारी: भार्गव

- शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में संस्थान के वित्त निदेशक अभिषेक भार्गव ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

बरसात के मौसम में पशुओं को रोगाणु मुक्त रखने व वातावरण को स्वच्छ रखने को लेकर मंगलवार को ममीदी में इंटरनेशनल जेट फिनाइल कैमिकल संस्थान द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को जेट फिनाइल कीटाणु नाशक तरल पदार्थ के गुणों से अवगत करवाया गया। शिविर में मुख्य वक्ता के रुप में संस्थान के वित्त निदेशक अभिषेक भार्गव ने भाग लिया। इस दौरान शिविर में क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक पशुपालकों ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता एवं संस्थान के वित्त निदेशक अभिषेक भार्गव ने कहा कि जेट फिनाइल का प्रयोग करने से जहां कीटाणुओं का नाश होता है, वहीं, वातावरण स्वच्छ बनता है। उन्होंने दावा जताया कि जेट फिनाइल एक कीटाणुनाशक व सफाई करने वाला काला तरल पदार्थ ही नहीं है, बल्कि यह पशुओं के जख्मों को ठीक करने के लिए एक शक्तिशाली रामबाण औषधी है। उन्होंने बताया कि साधारणतया जो भी घर अस्पताल व होटलों में गंदगी होती है वह कीटाणुओं से होती है। जेट फिनाइल ऐसा कीटाणुनाशक है जो पांच सौ गुणा पानी मिलाकर प्रयोग करने पर टाइफाइड फैलाने वाली कीटाणुओं को भी समाप्त कर देता है।

जेट फिनाइल से निरंतर प्रयोग करने से जानवरों को मुंहखुर की बीमारी से बचाया जा सकता है व घर में निरंतर प्रयोग से घर को कीटाणु रहित रखा जा सकता है व बीमारियों से बचा जा सकता है। मुख्य वक्ता अभिषेक ने बताया कि आम तौर पर लोग फिनाइल खरीदते वक्त यह ध्यान नहीं देते की उस पर फिनाइल लिखा भी है या नहीं। वह साधारणतया सफेद द्रव्य को फिनाइल समझ कर खरीद लेते हैं। जोकि टाइफाइड के कीटाणुओं को नहीं मार सकता। यही नहीं कुछ लोग खुशबूदार सफेद द्रव्य को फिनाइल समझकर खरीद लेते हैं और वह किसी भी प्रकार कीटाणुओं को समाप्त नहीं करता। मौके पर संस्थान के प्रबंध निदेशक सुशांत भार्गव ने बताया कि उनकी प्रयोगशाल में पिछले एक दशक से ज्यादा समय से जेट फिनाइल समेत विभिन्न प्रकार के कीटाणू नाशक पदार्थ तैयार किए जा रहे हैं। जिनके प्रयोग से जहां पशुओं में के खूरों में आने वाली बीमारियों को ठीक किया जा सकता है, वहीं, घर, अस्पताल व अन्य स्थानों पर प्रयोग करने से कीटाणुओं का नाश कर वातावरण को स्वच्छ बनाया जा सकता है।



## विकास कार्यों में प्रयोग होने वाली गुणवत्ता का रखें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर द्वारा निगम के वार्ड नंबर 19 के विष्णु नगर में अब जलभराव की समस्या नहीं रहेगी। पानी निकासी के लिए नगर निगम द्वारा यहां डी प्लान के तहत 10 लाख रुपये की लागत से गुरुद्वारा साहिब के पास अंडरग्राउंड एनपी 2 पाइप लाइन डाली जाएगी। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर सुमन बहमनी ने मंगलवार को वार्ड पार्षद हरजीत आनंद की मौजूदगी में पूजा अर्चना के साथ नारियल फोड़कर इस विकास कार्य का शुभारंभ किया।

सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने निगम अधिकारियों को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखकर पाइप लाइन डालने के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर के प्रत्येक कोने तक विकास की रोशनी पहुंचे। यही हमारी सरकार की प्राथमिकता है। यमुनानगर के लोगों को हर सुविधा मिले। इसके लिए वे लगातार निगम और प्रशासन के साथ समन्वय में कार्य कर रहे हैं। शहरवासियों को जल्द ही पश्चिमी यमुना नहर किनारे रिवर फ्रंट, हमीदा हेड के पास नौ एकड़ क्षेत्र में सुंदर पार्क, ओपन एयर थिएटर एवं ऑडिटोरियम समेत अनेक प्रोजेक्ट की सौगात मिलेगी। मौके पर मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि पाइप लाइन डालने का कार्य विष्णु नगर में कपिला मेडिकल स्टोर से लेकर डॉ. अरुण अग्रवाल क्लीनिक तक किया जाएगा। पाइप लाइन डाली जाने से क्षेत्र में जलभराव की समस्या नहीं रहेगी। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं है। बल्कि हर वार्ड तक मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाना है। ये विकास कार्य जनता को जल निकासी की समस्या से राहत देंगे और बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित करेंगे। गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर मंडल अध्यक्ष शुभम राणा, लाडी सिंह, नितिन आनंद व पूजा मोंगा आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** विष्णु नगर में पाइप लाइन डालने के कार्य का शुभारंभ करते हुए सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर सुमन बहमनी।

# कुरुक्षेत्र की धरा पर एक भारत श्रेष्ठ भारत के जरिए नजर आएगा देश की संस्कृति का महाकुंभ

## कुरुक्षेत्र में इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम 2025 का आगाज आज से, 24 राज्यों से 600 युवा पहुंचेंगे

- युवा अपने-अपने प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के झरोखों को रखेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर एक भारत श्रेष्ठ भारत की जरिए देश की संस्कृति का महाकुंभ देखने को मिलेगा। इस महाकुंभ में 20 राज्यों और 4 केंद्र शासित राज्यों से 283 युवतियां व 317 युवक सहित 600 युवा अपने-अपने प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के झरोखों को रखेंगे। इस इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम 2025 का आगाज आज से होने जा रहा है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम 23 जुलाई को सुबह 11 बजे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में करेंगे। इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। हरियाणा कौशल विकास एवं प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण विभाग के निदेशक कैप्टन मनोज कुमार ने मंगलवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि 24 राज्यों के युवा कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर पहुंच चुके है यह गौरव का विषय है कि कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है।



कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निदेशक कैप्टन मनोज। फोटो : हरिभूमि

### 23 से 25 तक कार्यक्रम का होगा आयोजन

निदेशक कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा, हरियाणा कौशल विकास एवं प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण विभाग के तत्वाधान में कुरुक्षेत्र में 23 जुलाई से 25 जुलाई तक इंटर स्टेट यूथ प्रोग्राम 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत विविधता में एकता का महाकुंभ की थीम पर आधारित है।

### 25 को सीएम करेंगे शिरकत

युवा कार्यक्रम भारत के विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के युवाओं में सांस्कृतिक आदान प्रदान को प्रोत्साहित करता है और भावनात्मक एकता को मजबूत करता है। इस कार्यक्रम में 23 से 25 तक सुबह से लेकर सायं तक विचार गोष्ठियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, ज्ञानवर्धक व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे। इन विद्यार्थियों के लिए ठहरने, यातायात, खाने-पीने की व्यवस्था के साथ-साथ, एसी बसों का प्रबंध किया गया है। इन विद्यार्थियों को कुरुक्षेत्र के धार्मिक और पर्यटन स्थलों के दर्शन भी करवाएं जाएंगे। इस कार्यक्रम का शुभारंभ 23 जुलाई को खेल मंत्री गौरव गौतम करेंगे और 25 जुलाई को समापन समारोह पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पहुंचेंगे। इस कार्यक्रम में केडीबी प्रशासन के माध्यम से प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

### इन राज्यों से पहुंचेंगे प्रतिभागी

हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निदेशक कैप्टन मनोज ने कहा कि 23 जुलाई से 25 जुलाई तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम 2025 में 24 राज्यों से 600 युवा शिरकत करेंगे। इसमें 283 महिला और 317 पुरुष शामिल है। इस कार्यक्रम में अरुणाचल प्रदेश से 26, बिहार से 13, गोवा से 28, गुजरात से 42, मेजबान हरियाणा से 50, हिमाचल प्रदेश से 27,झारखंड से 25, कर्नाटक, केरला, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय, नागालैंड, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, जम्मू व कश्मीर, लद्दाख, पांडिचेरी से 25-25, पजांब से 31, राजस्थान से 31, उत्तर प्रदेश से 23, दादरा नगर हवेली से 27 प्रतिभागी पहुंचेंगे। इसके अलावा कुल 25 नोडल अधिकारी जिसमें 8 महिला अधिकारी शामिल है की ड्यूटी लगाई गई है।

## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता दिवस को लेकर बैठक 29 जुलाई को

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस, 15 अगस्त 2025 को भव्य रूप में मनाने के लिए आवश्यक प्रबंध करने के लिए 29 जुलाई को प्रातः 11 बजे लघु सचिवालय के सभागार में एक बैठक आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी इस बैठक में निर्धारित समय पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।

### जिला सड़क सुरक्षा कमेटी की मासिक बैठक आज

**कुरुक्षेत्र।** जिला सडक सुरक्षा समिति व सुरक्षित वाहन स्कूल पॉलिसी तथा ब्लैक स्पॉट को लेकर मासिक बैठक का आयोजन 23 जुलाई को सुबह 11:30 बजे लघु सचिवालय के सभागार में होगा। इस बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त करेंगी।

### श्रीशिव महापुराण कथा का आयोजन 23 से

**कुरुक्षेत्र।** श्रावण मास के पावन अवसर पर गौ गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्री शिव महापुराण की कथा का शुभारंभ आज से सेक्टर-13 के श्रीमहेश्वर हनुमान मंदिर मंदिर में शुरू होने जा रही है। 23 जुलाई से 30 जुलाई तक प्रतिदिन 04:30 से 06:30 बजे तक प्रसिद्ध कथावाचक भागवत प्रवक्ता वेदाचार्य अनिल शास्त्री श्रीशिव महापुराण की कथा भक्ति से परिपूर्ण हर्ष उल्लास के साथ कथा का रसपान कराएगें ।

## गीता निकेतन में श्रीगुरुजी सार्वजनिक पुस्तकालय का उद्घाटन

# शिक्षा व संस्कार का संगम ही सशक्त समाज की नींव रखता : महिपाल ढांडा

तरुण वधवा ▸▸ कुरुक्षेत्र

गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में श्रीगुरुजी सार्वजनिक पुस्तकालय का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा द्वारा किया गया। यह पुस्तकालय आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है जिसमें विद्यार्थियों, शोधकतार्ओं, शिक्षकों, अधिवक्ता, डॉक्टर, इंजिनियर, समाजसेवी, मीडिया कर्मी, लेखकों और वरिष्ठ नागरिकों के अध्ययन हेतु शांतिपूर्ण वातावरण, नवीनतम पुस्तकों का संग्रह, डिजिटल पुस्तक अनुभाग एवं इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि ज्ञान का वास्तविक भंडार पुस्तकों में है और पुस्तकें किसी भी समाज की रीढ़ होती हैं। यह पुस्तकालय न केवल ज्ञान का केंद्र बनेगा बल्कि नई पीढ़ी को अध्ययन की ओर प्रेरित करेगा। उन्होंने विद्यार्थियों और उपस्थित जनसमूह का आह्वान किया कि वे पढनें की आदत को जीवन का हिस्सा बनाए और तकनीक के इस युग में भी पुस्तकों से जुड़ाव बनाए रखें। उन्होंने कहा कि यह श्रीगुरुजी सार्वजनिक पुस्तकालय न केवल विद्यालय के छात्रों बल्कि कुरुक्षेत्र के सभी पाठक वर्ग के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। कहा कि शिक्षा और संस्कार का संगम ही सशक्त समाज की नींव रखता है। यह पुस्तालय आने वाली पीढ़ियों को ज्ञानवर्धन और चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने छात्रों से कहा कि अपनी-अपनी प्रतिभा के आधार पर जिस क्षेत्र में भी आप आगे बढना चाहते हैं उस क्षेत्र का उत्तम ज्ञान हासिल करते हुए दुनिया में सर्वश्रेष्ठ स्थान को प्राप्त करना है और भारत को भी श्रेष्ठ बनाना है। इस सर्वजनिक पुस्तकालय की व्यवस्था एवं श्रेष्ठ पुस्तकों को उपलब्ध कराने के लिए शिक्षा मंत्री ने 11 लाख रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की।



कुरुक्षेत्र। पुस्तकालय का उद्घाटन करते शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा।



कुरुक्षेत्र। पुस्तकालय का अवलोकन करते शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा।

### अच्छी शिक्षा से ही आदर्श नागरिक तैयार होता

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री विजय नड्डा ने कहा कि बच्चों का भविष्य शिक्षकों के हाथ में है। अच्छी शिक्षा और संस्कार से ही आदर्श नागरिक तैयार होता है। उन्होनें कहा कि पठन की आदत एक संस्कार है जिसे धीरे-धीरे प्रोत्साहित करना होता है। पुस्तकों का कोई विकल्प नहीं है, यदि शिक्षक रचनात्मकता के साथ मार्गदर्शन करें तो विद्यार्थी अवश्य ही पुस्तकों के प्रेमी बन सकते हैं। विद्या भारती हरियाणा के अध्यक्ष इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो. देवप्रसाद भारद्वाज ने बताया कि विद्या भारती द्वारा संचालित इस विद्यालय की स्थापना 1971 में राष्ट्रीय स्वंय सेवक संध के द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव राव गोलवलकर श्रीगुरुजी ने बालकों को संस्कारयुक्त शिक्षा देने के उद्देश्य से की थी। उन्होंने कहा कि श्री गुरुजी स्वयं एक अच्छे पाठक होनें के साथ-साथ एक अच्छे शिक्षक भी थे। हमें उनके श्रेष्ठ व्यक्तित्व का अध्ययन करना चाहिए।

### आम नागरिक भी उठा सकते है लाभ

*कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम शर्मा ने पुस्तकालय की विशेषताओं की जानकारी दी और शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया। पुस्तकालय में हिन्दी अंग्रेजी और संस्कृत की शैक्षिक, साहित्यिक एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से सम्बंधित हजारों पुस्तकों के साथ-साथ सभी समाचार पत्र-पत्रिकाएँ भी उपलब्ध करवाई गई हैं। पुस्तकालय प्रतिदिन प्रात 8 बजे से सायं 4 बजे तक विद्यार्थियों के लिए तथा सायं 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक आम नागरिकों के लिए खुला रहेगा। प्रधानाचार्य नारायण सिंह ने इस अवसर पर सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह का स्वागत एवं धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के सह-संगठन मंत्री बालकृष्ण, हिन्दू शिक्षा समिति हरियाणा के अनेक कार्यकर्ता एवं अधिकारीगण, विद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, कर्मचारी और प्रबंध समिति के सदस्यों के अलावा स्थानीय प्रशासन, प्रबुद्ध नागरिक एवं शहर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।*

# सीईटी की परीक्षा 26 व 27 को उपायुक्त ने जारी किए आदेश

- परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में परीक्षार्थियों और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों सहित अन्य कर्मचारियों के अलावा अन्य सभी के प्रवेश पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

जिलाधीश एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, पंचकूला द्वारा 26 व 27 जुलाई 2025 को सीईटी की परीक्षा आयोजित की जा रही है। इस सीईटी 2025 परीक्षा के संचालन हेतु सभी परीक्षा केंद्रों में बाहरी हस्तक्षेप व नकल को रोकने के लिए 200 मीटर के दायरे में किसी भी बाहरी व्यक्ति, भाला,गंडासी, चाकू, तलवार, कुल्हाड़ी इत्यादि पर पूर्णत्य प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने जारी आदेशों में कहा कि जिले में परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए किसी भी मोबाइल, वाई-फाई सक्षम उपकरण को ले जाने पर प्रतिबंध होगा। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जिले के सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में परीक्षार्थियों और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों सहित अन्य कर्मचारियों के अलावा अन्य सभी के प्रवेश पर प्रतिबंध होगा तथा साथ ही, परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में मोबाइल फोन, वाई-फाई युक्त उपकरण ले जाने पर भी प्रतिबंध होगा।

### एसडीएम अमन कुमार को किया नोडल अधिकारी नियुक्त

*जिलाधीश एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, पंचकूला द्वारा दिनांक 26 व 27 जुलाई 2025 को सीईटी की परीक्षा आयोजित की जा रही है। इस सीईटी 2025 परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए एसडीएम थानेसर अमन कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिलाधीश एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने जारी आदेशों में कहा कि सीईटी परीक्षा 2025 को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए मुख्यालय पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, इस परीक्षा से सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए उपमंडल अधिकारी नागरिक थानेसर के दूरभाष नंबर 01744-220032 सम्पर्क कर सकते है।*

### धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय ध्वज अंगीकृत दिवस



**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय ध्वज अंगीकृत दिवस मनाया गया। कक्षा दसवीं की छात्रा प्रज्ञा ने इस विषय पर अपने विचार प्रकट करते हुए बताया कि 22 जुलाई 1947 को भारत के राष्ट्रीय ध्वज को संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था और पिंगली वेंकैया द्वारा डिजाइन किया था। सुधीर द्वारा विद्यालय में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला सिल्वर जोन ओलंपियाड के सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्रधानाचार्या सुमन बाला और पिंकी जैन, सोनिया, सुनैना, वषार्ली, रश्मि और शिल्पा को उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# नपा में मनोनीत पार्षदों का हुआ अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ शाहबाद

- पार्षदों ने लिया नगरपालिका का सहयोग व शहर का विकास करने का संकल्प

मंगलवार को शाहाबाद की नगरपालिका में हरियाणा सरकार द्वारा मनोनीत किए गए पार्षदों दीपक आनंद और मुलख राज गुंबर का नगरपालिका में भव्य अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष तेजिन्द्र सिंह गोल्डी और वरिष्ठ भाजपा नेता मास्टर सुभाष कलसाना ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और मनोनीत पार्षदों दीपक आनंद व मुलख राज गुंबर को शहर के सर्वांगीण विकास में सहयोग देने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर नगरपालिका प्रधान डा. गुलशन कवात्तरा विशेष रूप से मौजूद रहे। तेजिन्द्र सिंह गोल्डी व सुभाष कलसाना ने कहा कि शहर के विकास सुदृढ़ करने के लिए नगरपालिका बोर्ड तालमेल बनाकर चले और सभी वार्डों को समान विकास सुनिश्चित करे। कार्यक्रम में दीपक आनंद और मुलख राज गुंबर ने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें हरियाणा सरकार की ओर से सौंपी गई है उसे वे निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह गोल्डी ने अपने संबोधन में कहा शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र में सभी तरह के विकास कार्य करवाने के लिए मास्टर सुभाष कलसाना निरंतर समर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं। नगरपालिका प्रधान डा. गुलशन कवात्तरा ने जिलाध्यक्ष तेजिन्द्र सिंह गोल्डी और सुभाष कलसाना का अभिनंदन किया। इस अवसर पर नगरपालिका सचिव बंबूल सिंह मलिक, पार्षद निशा ठकराल, रविन्द्र सांगवान ठोल, अमरजीत सिंह डांगी, तिलक राज अग्रवाल, पार्षद पंकज सिंगला आदि मौजूद रहे।



**शाहबाद।** मनोनीत पार्षदों का स्वागत करते जिलाध्यक्ष तेजिन्द्र सिंह गोल्डी व सुभाष कलसाना।



**लाडवा।** लाडवा-रादौर मार्ग पर टूटी पड़ी सड़क पर खड़ा बरसाती पानी।

### सीएम सिटी लाडवा में विकास कार्यों की पोल खोल रहे सड़क पर बने गड्ढे

**लाडवा।** सीएम सिटी लाडवा में विकास कार्यों की पोल सड़क पर बने गहरे गड्ढे खोल रहे है। लाडवा की मुख्य सडकों की हालत इस समय बेहद खस्ता हो चुकी है। टूटी-फूटी सडकों से वाहन तो दूर, पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। इस कारण राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी पवन बंसल, बलदेव राठी, आशीष फौजदार, स्वीटी भुल्लर, संदीप कुमार, राकेश कुमार, सोहनलाल, हरभजन, निर्मल सिंह, प्रमोद कुमार आदि ने बताया कि लाडवा की मुख्य सडके अब गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। थोड़ी सी बरसात होते ही सडके जलभराव और कीचड़ से लबालब हो जाती हैं, जिससे फिसलन बढ़ जाती है और रोजाना लोग चोटिल हो रहे हैं। वहीं लोगों ने स्थानीय प्रशासन से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द मुख्य मार्ग की मरम्मत कर इसे सुचारू रूप से यातायात योग्य बनाया जाए, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके और दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# हरियाणा बीज विकास निगम कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

- यदि निगम समय रहते कट्टे व दवाई उपलब्ध नहीं करवाता तो कर्मचारी संघ करेगा आंदोलन : विरेन्द्र सिंह

हरियाणा बीज विकास निगम कर्मचारी संघ द्वारा अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। अध्यक्षता विरेंद्र सिंह प्रधान ने की व मंच संचालन सचिव सचिन कुमार ने किया। विरेंद्र सिंह प्रधान व ओमप्रकाश जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र ने संयुक्त रूप से बताया कि कर्मचारियों के मांग मुद्दों को लेकर हरियाणा सरकार बिलकुल भी गंभीर नहीं है। निगम में बीज उपलब्ध है लेकिन उसको पैक करने के लिए कट्टे व दवाई उपलब्ध नहीं है जोकि काउंटर सैंटर पर भेजने से पहले तीन महीनों का प्रोसेस होता है जबकि यह कार्य निगम अधिकारियों का होता है लेकिन निगम के अधिकारियों की अनदेखी का शिकार कर्मचारी व किसानों को भुगतना पड़ता है। क्योंकि समय पर बीज उपलब्ध न होने के कारण किसानों को बाहर की एजेंसियों से अच्छा माडा बीज महंगें धामों पर खरीदना पड़ता है। इसीलिए समय पर कट्टे व दवाई उपलब्ध कराई जाए व लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। गम के कर्मचारियों को रेगुलराइजेशन की नीति बना कर रेगुलर किया जाए व तब तक समान काम समान वेतन लागू किया जाए। धरने प्रदर्शन को आयुष मलिक, अरविंद कुमार , रामेश्वर आजाद ,दीपक कुमार, सुदेश कुमार, बिट्टू रंगा , अरविंद कम्बोज आदि ने भी संबोधित किया।




**कुरुक्षेत्र।** सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते कर्मचारी।



**कुरुक्षेत्र।** तीनों प्रतिभागी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ कन्या कॉलेज की छात्राएं।

### दस दिवसीय योगाभ्यास एवं जीवन कौशल विकास कार्यशाला संपन्न

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय योग संस्थान एवं पथ के साथी संस्था के सहयोग से द्रोणाचार्य स्टेडियम के योग भवन में दस दिवसीय योगाभ्यास कार्यशाला का सफल समापन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय कन्या महाविद्यालय, पलवल की प्राचार्या डॉ. गगनदीप कौल रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय योग संस्थान के प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश ने की। इस अवसर पर पथ के साथी संस्था के अध्यक्ष डॉ. सुनील थुआ ने बताया कि इस कार्यशाला में राजकीय कन्या महाविद्यालय, पलवल की 30 छात्राओं को इंटर्नशिप के दौरान योग एवं जीवन कौशल का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। भारतीय योग संस्थान, युधिष्ठिर योग जिला, कुरुक्षेत्र की जिला प्रमुख सुमन तोमर ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि योग केवल आसनों की शृंखला नहीं, बल्कि सम्पूर्ण जीवन को संतुलित, स्वस्थ और अनुशासित रखने की वैज्ञानिक विधि है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पवन कुमार ने किया। इस आयोजन में कॉलेज की उप-प्राचार्या डॉ. मीनाक्षी, संस्था के महासचिव डॉ. अंग्रेज सिंह और वित्त सचिव निपुण गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** राजकीय आदर्श संस्कृति विद्यालय में रंग नाट्य उत्सव का आयोजन

# समाज को आईना दिखा गया नाटक 'गई भैंस पाणी में'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

हरियाणा कला परिषद और रंगआधार कल्चरल ग्रुप के संयुक्त सहयोग से राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रंग नाट्य उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें पहले दिन मंगलवार को न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप द्वारा विकास शर्मा के लेखन और निर्देशन से सजे नाटक गई भैंस पाणी में ने हास्य रस में विद्यार्थियों को डुबकियां लगवाते हुए बड़े ही रोचक ढंग से साईबर क्राईम से बचने का संदेश दिया। नाटक में एक ऐसे परिवार में घटित घटना को दिखाया गया जो लालच में आकर गरीब बनने का ढोंग करते हुए साईबर क्राईम के शिकार हो जाते हैं। नत्थू और फुल्लो का बेहद अमीर परिवार है, जिसमें उनके दो बेटे और एक बहन भी साथ रहती है। एक दिन एक साइबर ठग गांव की भोली-भाली जनता को गुमराह करके अमीर बनाने का सपना दिखा देता है। जिसके कारण फुल्लो और उसका परिवार अमीर होते हुए भी गरीब बनने का ढोंग करते है। परिवार का प्रत्येक सदस्य हास्य और हाजिर जवाबी के अंदाज में अपने-अपने ढंग से साईबर ठग को अपनी गरीबी का प्रमाण देता है। अंत में साईबर ठग साईबर क्राईम के जरिए नत्थू के परिवार के तीस हजार रुपये ठग लेता है। बाद में उसे पुलिस पकड़ लेती है और नत्थू के परिवार को साईबर क्राईम के बारे में सचेत करती है। इस प्रकार हंसी के फव्वारों के साथ-साथ कलाकार लोगों को साईबर ठगी से बचने की सलाह देते हैं।



**कुरुक्षेत्र।** नाटक में प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### मंचसज्जा ने बढ़ाई नाटक की खूबसुरती

नाटक में एक ओर जहां कलाकारों का अभिनय काबिलेतारीफ रहा, वहीं नाटक की मंचसज्जा, संगीत तथा संवाद अदायगी ने भी नाटक की खूबसूरती बढ़ाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। नाटक का निर्देशन विकास शर्मा का रहा, वहीं नत्थू के किरदार में गौरव दीपक जांगड़ा, फुल्लो निकेता कौशिक, भतेरी मनू महक माल्यान, चतर सिंह फण्डी शिव कुमार किरमच, कालू चंचल शर्मा, अमरु अमरदीप जांगड़ा, रमलू निखिल पारचा, पुलिस राजीव कुमार, जैल सिंह साहिल खान, सिपाही पार्थ शर्मा बने। वहीं संगीत संचालन पर आकाशदीप ने सहयोग दिया। अंत में राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य अरुण गोयल ने सभी कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नाटक के संदर्भ में प्राचार्य अरुण गोयल ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि कलाकार समाज का आईना है, जो अपनी प्रस्तुति के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य करते हैं। हरियाणा कला परिषद के सहयोग से आयोजित नाट्य उत्सव में कलाकारों की सराहनीय प्रस्तुति से विद्यार्थियों को साइबर फ्रॉड से बचने का संदेश मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### तीज महोत्सव कार्यक्रम में शिरकत करेंगे सीएम



**अंबाला।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 28 जुलाई को अंबाला शहर में प्रस्तावित राज्य स्तरीय हरियाली तीज महोत्सव कार्यक्रम व इसके साथ-साथ विभिन्न परियोजनाओं के उदघाटन व शिलान्यास कार्यक्रम के आयोजन को लेकर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने विभागीय को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उपायुक्त ने बताया कि 28 जुलाई को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरियाली तीज महोत्सव के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार समारोह में शिरकत करेंगे।

### 140 ग्राम अफीम सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना पंजोखरा क्षेत्र गांव कलरेहडी शमशान घाट के पास से सूचना के आधार पर आरोपी सुखविंद्र सिंह व सुलतान सिंह उर्फ गब्बर को 140 ग्राम अफीम व गाडी सहित काबू किया है। अदालत ने आरोपी सुलतान सिंह उर्फ गब्बर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया तथा आरोपी सुखविंद्र सिंह को एक दिन के रिमांड पर लिया है। एएनसी सैल के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करते हैं। इसी आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपियों को गांव कलरेहडी शमशान घाट के पास से गाडी समेत काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उनसे 140 ग्राम अफीम बरामद की। अब पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### ग्रामीण आवास योजना की समीक्षा की

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने आज अपने कार्यालय में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने एमएमजीएवाई योजना दृष्टिगत संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ जिला स्वीकृति एवं निगरानी समिति के कार्यों प्रगति की विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि एमएमजीएवाई योजना का क्रियान्वयन पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से किया जाए, ताकि पात्र ग्रामीण परिवारों को इसका लाभ मिल सके।

### तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

**अंबाला।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मोहड़ा द्वारा पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामबाग रोड़ अंबाला कैंट में तीन विषयों (गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान) के टीजीटीज की तीन दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन का शुभारंभ ईश वंदना से किया गया। आईएफआईसी विंग इंचार्ज विजेंद्र डागर ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए तीनों विषयों की छठी कक्षा की नयी पाठ्य पुस्तकों के महत्व को समझाया। दूसरे दिन के कार्यक्रम की रूपरेखा प्रतिभागियों के साथ सांझा की।

### लाभार्थी करवाएं ई-केवाईसी

**अंबाला।** जिला खाद्य एवं पूर्ति नियन्त्रक अपार तिवारी ने बताया कि महानिदेशक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा निर्देशित जिला के पीडीएस लाभार्थियों की मेरा ई-केवाईसी मोबाईल एपलिकेशन के माध्यम से फेशियल ई-केवाईसी करने बारे आदेश जारी किए गए हैं। इसके लिए किसी भी लाभार्थी को ई-केवाईसी करवाने हेतू राशन डिपो पर जाने की आवश्यकता नहीं है। घर बैठे मेरा ई-केवाईसी मोबाईल एप के द्वारा फेशियल ई-केवाईसी की जा सकती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**8 कोर्स की कुल 630 सीट के मुकाबले 504 आवंटित, आईटीआई में जारी हुई सूची**

# दोनों पॉलिटेक्निक में पहली काउंसलिंग खत्म, 541 छात्रों को मिला दाखिला

- अब 23 से 26 जुलाई तक दूसरी ऑनलाइन काउंसलिंग चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



फाइल फोटो

राजकीय बहुतकनीकी और कल्पना चावला राजकीय महिला बहुतकनीकी संस्थान में पहली काउंसलिंग खत्म हो गई। आखिरी दिन दाखिला लेने के लिए सुबह से शाम तक अभ्यर्थी पहुंचे। पहली काउंसलिंग में दोनों संस्थानों में 541 अभ्यर्थियों ने दाखिला लिया। राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में पहली काउंसलिंग में 8 कोर्स की कुल 630 सीट के मुकाबले 504 सीट आवंटित हुई थी। इन आवंटित सीट में से 356 अभ्यर्थियों ने दाखिला लिया है। इसी तरह कल्पना चावला राजकीय महिला बहुतकनीकी संस्थान में कुल 480 सीट में से 229 सीट आवंटित हुई थी। इनमें से 185 सीट पर अभ्यर्थियों ने दाखिला लिया है। अब 23 से 26 जुलाई तक दूसरी ऑनलाइन काउंसलिंग चलेगी। इस काउंसलिंग का परिणाम 28 जुलाई को जारी होगा। जिसमें अभ्यर्थी सीट विकल्प भरेंगे। राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के दाखिला नोडल अधिकारी धर्मवीर सैनी ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को पहली काउंसलिंग में दाखिला मिल चुका है लेकिन वह अभ्यर्थी अपनी मिली हुई सीट से संतुष्ट नहीं है या जिन अभ्यर्थियों सीट नहीं मिली है, वह दूसरी काउंसलिंग में भाग लें। अगर किसी विद्यार्थी को द्वितीय काउंसलिंग में सीट मिल जाती है और उस अभ्यर्थी ने पहली काउंसलिंग में सीट पर दाखिला ले लिया है और फीस भी जमा करवा दी है तो दूसरी काउंसलिंग में दाखिला मिलने पर पहले वाली सीट ऑटोमेटिक रद्द हो जाएगी। सभी को चाहिए दूसरी काउंसलिंग में वही कोर्स भरें जो उनको पहली काउंसलिंग में मिले हुए कोर्स से ज्यादा पसंद हैं।

### आईटीआई में जारी मेधा सूची

जिले की सभी राजकीय आईटीआई में 22 जुलाई को तीसरे राउंड की मेधा सूची जारी की गई। इस सूची में विद्यार्थियों को सीट आवंटित की जाएंगी। अभी तक दो मेधा सूची जारी हो चुकी हैं। इन मेधा सूची में बचने वाले सीट पर तीसरी सूची जारी होगी। 22 जुलाई को सूची जारी होने के बाद 22 से 26 जुलाई तक दस्तावेज लेकर व्यक्तिगत रूप से पहुंचना होगा। सूची में आए संस्थानों में दस्तावेज की जांच के बाद दाखिला दिया जाएगा। दस्तावेज सही होने पर 22 से 27 जुलाई तक ही अभ्यर्थी फीस भरकर दाखिला ले सकेंगे।

**राजकीय बहुतकनीकी संस्थान**

| ब्रांच | जारी सीट | दाखिला लिया |
|---|---|---|
| आर्किटेक्चर | 51 | 27 |
| ऑटोमोबाइल | 50 | 33 |
| सिविल | 100 | 68 |
| कंप्यूटर | 64 | 50 |
| इलेक्ट्रिकल | 60 | 44 |
| इलेक्ट्रॉनिक एवं कम्युनिकेशन | 52 | 30 |
| मेकेनिकल | 122 | 93 |
| प्लास्टिक | 44 | 11 |

**कल्पना चावला राजकीय महिला बहुतकनीकी**

| ब्रांच | जारी सीट | दाखिला लिया |
|---|---|---|
| कंप्यूटर | 76 | 56 |
| ईसीई | 06 | 04 |
| एफएए | 46 | 40 |
| एलआईएस | 04 | 04 |
| एमएलटी | 56 | 43 |
| ओएमसीए | 41 | 38 |
| कुल | 229 | 185 |

**डीसी ने दिव्यांग अभ्यार्थियों के लिए विशेष सुविधाओं की व्यवस्था के निर्देश दिए**

# सीईटी परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी 8000 अभ्यार्थियों के लिए 19 सेंटर बनाए

- अभ्यार्थियों को सेंटर तक लाने ले जाने के लिए बस की सुविधा होगी उपलब्ध
- 26 व 27 जुलाई को विभिन्न केंद्रों पर आयोजित होगी परीक्षा
- प्रातः 10.00 से 11.45 तक तथा दूसरे चरण में 3.15 बजे से 5.00 तक परीक्षा होगी

**34 बसें शटल सेवा के लिए अभ्यार्थियों के लिए उपलब्ध रहेगी**




**अंबाला।** सीईटी परीक्षा को लेकर जरुरी निर्देश देते उपायुक्त अजय सिंह तोमर। फोटोः हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि 26 व 27 जुलाई को आयोजित होने वाली सीईटी परीक्षा की सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त हो गई हैं। अभ्यार्थियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न आए इसको ध्यान में रखते हुए सभी कार्य समय रहते होने चाहिए। उपायुक्त सोमवार को अपने कार्यालय में अधिकारियों की एक बैठक ले रहे थे। इस मौके पर उनके साथ पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार, एसडीएम शिवजीत भारती, एसडीएम शाश्वत सांगवान मौजूद रहे। उपायुक्त ने कहा कि 26 व 27 जुलाई को सीईटी की आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा के दृष्टिगत 15 लोकेशन पर 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यह सैंटर अंबाला शहर व अम्बाला छावनी होंगे। उन्होंने बताया कि अंबाला जिले से अभ्यार्थी चंडीगढ परीक्षा देने के लिए जाएंगे। इसके अलावा अंबाला में आयोजित होने वाली परीक्षा में अभ्यार्थी दूसरे राज्यों से पहुंचेंगे। यह परीक्षा दोनों दिन दो चरणों में होगी। प्रातः 10.00 से 11.45 तक तथा दूसरे चरण में 3.15 बजे से 5.00 तक परीक्षा होगी। उन्होंने बताया कि जिले में आयोजित होने वाली परीक्षा में पहले व दूसरे चरण में लगभग 4-4 हजार अभ्यार्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचेंगे। अभ्यार्थियों को परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की कोई परेशानी न आए, इसके लिए अधिकारियों पहले से ही दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं।उन्होंने यह भी बताया कि अभ्यार्थियों की सुविधा के लिए जिले की 132 बसें क्रियान्वित रहेंगी। इसके साथ-साथ बराड़ा, साहा, नारायणगढ व शहजादपुर से भी चंडीगढ के लिए बसों की सुविधा रहेगी। यह बसें प्रातः 4 बजे से 5 बजे के बीच में शुरू हो जाएंगी ताकि अभ्यार्थियों को परीक्षा केंद्र में पहुंचने में किसी प्रकार की कोई परेशानी न आए। यह सभी बसें चंडीगढ सेक्टर 17 बस स्टैंड पर पहुंचेंगी। वहां से चंडीगढ प्रशासन के सहयोग से शटल बस सेवा की सुविधा उपलब्ध रहेगी जोकि अभ्यार्थियों को परीक्षा केंद्र से लाने व ले जाने की सुविधा प्रदान करेंगी। अभ्यार्थियों को इसके लिए अपने साथ एडमिट कार्ड रखना होगा। जिले के तहत 34 बसें शटल सेवा के लिए अभ्यार्थियों के लिए उपलब्ध रहेगी। दिव्यांग अभ्यार्थी है उसे प्रशासन के सहयोग से सुविधा प्रदान की जाएगी। पुलिस के भी चाक-चौबंद रहेंगे। डायल 112 की सुविधा रहेगी। यदि किसी अभ्यार्थी को एमरजेंसी स्थिति में कोई सहायता चाहिए तो वह इस नंबर पर कॉल करके सुविधा ले सकता है। मकसद अभ्यार्थी को सीईटी की परीक्षा के तहत बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाना है।

### पेयजल, शौचालय के साथ मेडिकल सुविधा उपलब्ध रहेंगी

उपायुक्त ने यह भी बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस के व्यापक प्रबंध रहेंगे। पेयजल, शौचालय, लाइट की व्यवस्था के साथ-साथ मेडिकल सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने यह भी बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर दिव्यांग अभ्यार्थियों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था भी उपलब्ध होगी। उन्होंने अभ्यार्थियों से भी अपील की कि हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन की जो हिदायतें है उसकी पालना करें। विशेषकर महिला अभ्यार्थी आभूषण न डालकर आएं। उन्होंने यह भी बताया कि अभ्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए धर्मशालाएं व रैन बसेरे की भी व्यवस्था रहेगी। उन्होंने जीएम रोडवेज को निर्देश दिए कि बस स्टैंड पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था करें। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीसी के माध्यम से परीक्षा के दृष्टिगत की गई तैयारियों की जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा का आयोजन हमें महोत्सव के रूप में करना है। अभ्यार्थियों के साथ-साथ उनके साथ जो सहायक आऐंगे उनके लिए भी व्यवस्था करना सुनिश्चित करनी है।

### मौजूद रहे

बैठक में जीएम रोडवेज अश्वनी डोगरा, आरटीए सुशील कुमार, नगराधीश अभिषेक गर्ग, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, जिला खजाना अधिकारी सुनीता गोस्वामी, सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, ईओ विनोद नरवाल भी मौजूद रहे।



**अंबाला।** कार्यशाला में मौजूद छात्र। फोटोः हरिभूमि

# शैक्षणिक संसाधनों और सेवाओं से करवाया अवगत

**कार्यशाला में डॉ. कौशल चौहान ने दिया लाइव डेमो**

- एनडीएलआई पोर्टल की विशेषताओं, रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, उपलब्ध शैक्षणिक सामग्री जैसे ई-बुक्स, ऑडियो-वीडियो लेक्चर, प्रश्न पत्र आदि की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के एमडीएसडी कॉलेज की केंद्रीय पुस्तकालय एवं एमडीएसडी एनडीएलआई क्लब द्वारा नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया एवं क्लब के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु एक विशेष यूज़र अवेयरनेस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों, फैकल्टी सदस्यों एवं अन्य शिक्षण-संबंधित व्यक्तियों को एनडीएलआई के विशाल शैक्षणिक संसाधनों, सेवाओं एवं इसके क्लब की गतिविधियों से अवगत कराना था। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता की भूमिका कॉलेज लाइब्रेरियन एवं एनडीएलआई की प्रेजिडेंट डॉ. कौशल चौहान ने निभाई। उन्होंने एनडीएलआई पोर्टल की विशेषताओं, रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, उपलब्ध शैक्षणिक सामग्री जैसे ई-बुक्स, ऑडियो-वीडियो लेक्चर, प्रश्न पत्र आदि तथा एनडीएलआई क्लब की सदस्यता के लाभों पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने पोर्टल का लाइव डेमो प्रस्तुत किया गया। साथ ही छात्रों को क्लब में पंजीकरण करने के लिए प्रोत्साहित किया गया ताकि वे राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं, वेबिनार एवं शैक्षणिक गतिविधियों में भाग ले सकें। कार्यशाला का आयोजन एमडीएसडी कॉलेज की केंद्रीय पुस्तकालय एवं एमडीएसडी एनडीएलआई क्लब द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर क्लब के संगठनात्मक पदाधिकारी एवं एनडीएलआई की सचिव सीमा अग्रवाल एवं कार्यकारी सदस्य डॉ. उज्ज्वल ने भी इस कार्यशाला में विशेष भूमिका रही। कार्यशाला के सफल आयोजन एवं कॉलेज में क्लब की प्रभावी स्थापना के लिए प्राचार्या कर्मजीत कौर एवं प्रबंधन समिति ने डॉ. कौशल चौहान को हार्दिक बधाई दी। मुख्य रूप से कॉलेज के प्रधान अरविंद अग्रवाल एवं अनित बिंदल ने डॉ. चौहान को उनके द्वारा किए गए प्रयासों की खुले मन से प्रशंसा की।

# सुखमणि साहिब के पाठ से हुई नए सत्र की शुरुआत

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में सोमवार को नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ श्री सुखमणि साहिब जी के पाठ और अभिविन्यास कार्यक्रम (ओरिएंटेशन प्रोग्राम) के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत धार्मिक अनुष्ठान और सुखमणि साहिब जी के पाठ से हुई, जिसमें सभी के कल्याण, सफलता और उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की गई। इसके पश्चात आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में नवप्रवेशित विद्यार्थियों को कॉलेज द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं, उपलब्धियों और विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपनी किसी भी समस्या के लिए शैक्षणिक स्टाफ से बिना झिझक संपर्क कर सकती हैं।



नए शिक्षा सत्र पर गुरुद्वारा साहिब में अरदास करते छात्र।

### लिपिक के निलंबन को लेकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन जमकर की नारेबाजी

**अंबाला।** अंबाला कैंट यूनिट के आह्वान पर मंगलवार को सभी सब यूनिटों में लिपिक गुरविंदर के निलंबन के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन नौवें दिन भी जारी रहा। सब यूनिट नंबर 2 में लगातार 9 दिन से 2 घंटे विरोध प्रदर्शन चल रहा है और बाकी सब यूनिटों ने अपने कार्यालय में दूसरे दिन 1 घंटा गेट पर बैठक करके धरना प्रदर्शन किया। सचिव सोनू यादव ने बब्याल में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आंदोलन का सकारात्मक प्रभाव है और अधिकारी दबाव में है।आनन-फानन में गलत तरीके से निलंबित किए गए कर्मचारी के समर्थन में यूनियन ने मोर्चा खोल लिया है और जब तक कर्मचारी को बहाल नहीं किया जाता, तब तक यूनियन प्रदर्शन न तो रोक सकती है और न ही स्थगित कर सकती है।

# बराड़ाः दसवीं परीक्षा में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**बराड़ा।** विद्यार्थियों के लिए सार्थक मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल, सेक्टर 12-ए के प्रिंसिपल डॉ. पवन गुप्ता ने अपने स्वर्गीय पिता मास्टर रामचंद्र गुप्ता की स्मृति में छात्रवृत्ति योजना की शुरुआत की। इस पहल की शुरुआत खंड से की गई। डॉ. गुप्ता ने कक्षा दसवीं में खंड स्तर पर सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र और छात्रा को सम्मानित कर इस योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डुलियाना की छात्रा हरदीप कौर और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धनौरा के छात्र यश कुमार को क्रमशः 5100-5100 रूपये की राशि और प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। गौरतलब है कि डॉ. पवन गुप्ता के स्वर्गीय पिता मास्टर रामचंद्र गुप्ता ने 40 वर्षों तक और उनकी माता ने 33 वर्षों तक खंड क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में सेवाएं दीं। यह छात्रवृत्ति उनके समर्पण और योगदान को श्रद्धांजलि स्वरूप शुरू की गई है।



10वीं के टॉपर्स को सम्मानित करते हुए प्रिंसिपल डॉ. पवन गुप्ता।

### बराड़ाः राष्ट्रीय आम दिवस मनाया

**बराड़ा।** शैमफॉर्ड स्कूल में सोमवार को 'राष्ट्रीय आम दिवस' उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को न केवल आम से जुड़ी रोचक जानकारियां दी गईं, बल्कि उन्होंने आम से बने स्वादिष्ट व्यंजन भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यापिका सुमिता द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से हुई, जिसमें उन्होंने आम को राष्ट्रीय फल बताते हुए इसके पोषण संबंधी लाभों पर प्रकाश डाला।

**कार्यक्रम** | हरियाली तीज के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम, बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष सुमन का अभिनंदन

# आभूषण कुर्ता चूंदड़ी से सजी महिलाओं ने हरियाणवी गीतों पर मचाया धमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा




**अंबाला।** कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यअतिथि का स्वागत करते हुए व उपस्थित महिलाएं।

हरियाणा बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि हरियाली तीज केवल एक पर्व नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत, पारिवारिक रिश्तों और प्रकृति प्रेम का प्रतीक है। दुर्भाग्यवश आज के आधुनिक समय में यह पर्व शहरों और युवा पीढ़ी की दिनचर्या से ओझल होता जा रहा है जबकि इसकी प्रासंगिकता आज पहले से कहीं अधिक है। वे यहां स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में प्रयास समाजसेवा संस्थान द्वारा आयोजित हरियाली तीज महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थी। उन्होंने कहा कि तीज सावन मास में आता है जो भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की कथा से जुड़ा है। ऐसी मान्यता है कि इसी दिन माता पार्वती ने घोर तपस्या के बाद शिव जी को पति रूप में प्राप्त किया था। यह पर्व नारी शक्ति, प्रेम, समर्पण और प्रकृति के प्रति आभार का पर्व है। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, राज्य सूचना आयुक्त नीता खेड़ा, समाजसेवी और मेकअप आर्टिस्ट रजनी वर्मा, प्रयास संस्थान की सदस्य मोनिका कालड़ा व निति जैन सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी का स्वागत संस्था के प्रधान विशाल सिंगला व अन्य पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। सैनी ने कहा कि हरियाणा की एक कहावत है आई तीज, बो गई बीज अर्थात तीज से त्यौहारों की लंबी श्रृंखला की शुरुआत होती है जो होली तक चलती है। उन्होंने कहा कि तीज के बहाने हमें अपनी बेटियों, बहनों और माताओं को सम्मान देने तथा पारिवारिक रिश्तों को और मजबूत करने का मौका मिलता है। तीज पर भाई द्वारा बहन को कोथली भेजने की परंपरा भी ग्रामीण क्षेत्रों में जीवित है लेकिन शहरी संस्कृति में यह परंपरा लुप्त होती जा रही है। उन्होंने महिलाओं द्वारा प्रस्तुत हरियाणवी वेशभूषा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन प्रस्तुतियों ने तीज महोत्सव को जीवंत बना दिया। आभूषण, दामन, कुर्ता, चूंदड़ी जैसी पारंपरिक पोशाकों में सजी महिलाओं ने जब लोक गीतों और नृत्य के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति की झलक पेश की तो सभागार तालियों से गूंज उठा। उन्होंने कहा, "तीज पर्व केवल मनोरंजन नहीं यह हमारी सांस्कृतिक पहचान है। यह पर्व हमें प्रकृति से जोड़ता है। हरियाली तभी आएगी जब हम अधिक से अधिक पौधे लगाएंगे। सावन की तीज और हरियाली एक-दूसरे के पूरक हैं।" उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' का आह्वान करते हुए सभी से वृक्षारोपण और उनके संरक्षण की शपथ भी दिलवाई।